LATEST NEWS

# Election

## Date : 23rd Dec. 2025

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

जयपुर 23-12-2025

**भास्कर इंटरव्यू** SIR का काम जारी है, इस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से **भास्कर से बातचीत**

## कितने बांग्लादेशी, रोहिंग्यां के नाम काटे, कितनों को नोटिस

# अभी डबलिंग, पलायन आदि केटेगरी में नाम काटे, SIR में आंकड़ा 7.65%, ये प.बंगाल, एमपी, बिहार के आसपास

हर्ष खटाना | जयपुर

एसआईआर में करीब 41.85 लाख नाम कट चुके हैं। 11 लाख मतदाताओं को दस्तावेज प्रस्तुत करने हैं। एसआईआर पर हुए कामकाज पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से बांग्लादेशी, रोहिंग्या आदि के नाम कटने और दूसरे राज्यों से तुलनात्मक आंकडे व हालातों पर बातचीत-

**Q कुछ राज्यों में नाम कटने पर विवाद हुआ, यहां शांति है, कैसे मैनेज किया?**

**A** दूसरे राज्यों में नाम कटने की बात करें तो यह आंकड़ा बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, एमपी आदि के आसपास ही है। जिस तरह से एसआईआर के तहत हमारा आंकड़ा 7.65 प्रतिशत है, वहां भी लगभग इतना ही है। वहां भी वोटर को पूरा मौका मिला है और यहां भी दिया जाएगा।

**Q SIR में आगे क्या रहेगा?**

**A** 15 जनवरी तक सभी योग्य मतदाताओं से दावे और आपत्तियां प्राप्त कर रहे हैं। निस्तारण 7 फरवरी तक हो जाएगा। जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई है। उन्हें नोटिस जारी करके बुलाया जा रहा है। 14 फरवरी को वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन करेंगे।



**घुमंतू केसों में मैपिंग नहीं हुई, नाम कटेंगे क्या ?**

**महाजनः** दस्तावेज प्रस्तुत करने पर नाम नहीं कटेंगे। आयोग ने 12 दस्तावेज तक मान्य कर रखे है।

**Q 41.85 लाख नाम काटने का बड़ा आंकड़ा है, यानी सिस्टम में खामी है ?**

**A** एसआईआर अभियान में अपनाई गई प्रक्रिया सामान्य तौर पर चलने वाली प्रक्रिया से पूरी तरह से अलग है। ऐसे में इस तरह का फर्क आना सामान्य और स्वभाविक रहता है।

**Q बीएलओ में नाराजगी हुई थी, अब कितनी है ?**

**A** बीएलओ समेत सभी कर्मचारियों ने अच्छा काम किया है। इनकी अच्छी वर्किंग पर जिलेवार इनका सम्मान भी किया गया है। अब नाराजगी जैसे कोई बात नहीं है।

**Q प्रपत्र वितरण, मैपिंग के लिए नंबर वन बनने का दावा किया गया, ये कैसे ?**

**A** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों पर हमने अनुमान लगाया था कि राजस्थान का नंबर बिहार के बाद अगले चरण में आएगा। ये अनुमान सही साबित हुआ। इसलिए तभी से हमने तैयारी शुरू कर दी थी। बीएलओ ये काम बखूबी किया। एसआईआर की अधिसूचना जारी होने तक 70 प्रतिशत मैपिंग का कार्य किया जा चुका था। कार्यों की टेंडरिंग तक हो गई थी। इसके बाद बीलएओ समस्त सभी अच्छा काम किया।

दैनिक नवज्योति
Jaipur City - 23 Dec 2025 - Pa

# ओडिशा के सीईओ ने राजस्थान में एसआईआर का किया अवलोकन

## सुदृढ़ और पारदर्शी मतदाता सूची निर्माण के नवाचारों की सराहना

जयपुर। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत राजस्थान में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और तकनीकी सुधारों का अवलोकन करने के लिए ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान का दौरा किया। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एस. गोपालन ने राजस्थान में एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने राजस्थान में लागू एस आईआर प्रक्रिया को अत्यंत सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत, पूर्णतः पारदर्शी, तथा मतदाता-केंद्रित बताया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने बताया कि अब महाराष्ट्र की टीम मंगलवार से प्रदेश में एसआई आर कार्यों की जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष अध्ययन करेगी। टीम फील्ड निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने-हटाने की कार्रवाई, घर-घर सत्यापन तथा विशेष प्रविष्टियों और प्रावधानों के क्रियान्वयन का अवलोकन करेगी।

पंजाब केसरी
TUE,23 DECEMBER 202
EDITION: JAIPUR, PAG

# उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर कार्य का किया अवलोकन

जयपुर, 22 दिसंबर (ब्यूरो) : मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत राज्य में किए जा रहे कार्यों, नवाचारों एवं तकनीकी सुधारों का अवलोकन करने के लिए ओडिसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरएस गोपालन ने सोमवार को राजस्थान का दौरा किया।

राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि उड़ीसा सीईओ ने राजस्थान में लागू एसआईआर प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत, पूर्णत: पारदर्शी, तथा मतदाता-केंद्रित बताया है।

उन्होंने कहा- मतदाता सूची की शुद्धता एवं समावेशिता तय करने के लिए राजस्थान में अपनाए गए तरीके और नवाचार अन्य राज्यों के लिए आदर्श मॉडल हैं। ओडिसा के बाद अब महाराष्ट्र की टीम मंगलवार से प्रदेश में एसआईआर कार्यों का अध्ययन करेगी।

# Raj's SIR model praised by Odisha poll chief

**First India Bureau**

Jaipur

The Chief Electoral Officer of Odisha observed the Special Intensive Revision activities in Rajasthan and appreciated the state's innovations aimed at building a strong and transparent electoral roll.

A team from the Chief Electoral Officer's office of Maharashtra will also conduct a detailed ground-level study from 22 to 25 December. During the field inspection, the Maharashtra team will observe the electoral roll revision process.

The team will review the procedures for the inclusion and deletion of eligible voters' names, house-to-house verification, and the implementation of special entries and prescribed provisions.

# बालिका स्कूल में वोटर रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन

भास्कर न्यूज | मोकलसर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के अंतर्गत कोई भी पात्र मतदाता न छूटे की संकल्पना को साकार करने के लिए सोमवार को मेघमचंद हुंडिया राजकीय बालिका उमावि मोकलसर में पहला वोट, पहली जिम्मेदारी अभियान के तहत वोटर रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित होगा। प्रधानाचार्य केशाराम बारड एवं बूथ लेवल अधिकारी कुमार जितेंद्र जीत की ओर से छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। इस दौरान स्कूल की वर्तमान एवं पूर्व छात्राएं, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, उनका मतदाता पंजीकरण किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में 18 वर्ष पूर्ण करने वाली छात्राओं को चिन्हित कर उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान नई युवा मतदाता बालिकाओं से फॉर्म नंबर 6 भरवाकर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता देखने को मिली तथा पहली बार मतदान के अधिकार को लेकर उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा।

# जागरूक मतदाता जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

बालोतरा | राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोग का उद्देश्य जनसामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरूकता पक्षों को प्रसारित करना है।

प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल secsveep@gmail.com अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से प्रविष्टियां भेजने की अपील की है।

# निबंध प्रतियोगिता के लिए प्रविष्ठियां आमंत्रित

**नवज्योति /बाड़मेर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य जन सामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# पहला वोट, पहली जिम्मेदारी के तहत में वोटर रजिस्ट्रेशन कैंप आयोजित

**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के अंतर्गत 'कोई भी पात्र मतदाता न छूटे' की संकल्पना को साकार करने हेतु सोमवार को मेरामचंद हुंडिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोकलसर में 'पहला वोट, पहली जिम्मेदारी' अभियान के तहत वोटर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में विद्यालय के प्रधानाचार्य केशाराम बारड एवं बूथ लेवल अधिकारी कुमार जितेन्द्र जीत द्वारा छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय की वर्तमान एवं पूर्व छात्राएं, जिन्होंने 18



वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है।

उनका मतदाता पंजीकरण किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में 18 वर्ष पूर्ण करने वाली छात्राओं को चिन्हित कर उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया। कैम्प के दौरान नई युवा मतदाता बालिकाओं से ''फॉर्म नंबर 6'' भरवाकर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता देखने को मिली तथा पहली बार मतदान के अधिकार को लेकर उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा।

# क्लस्टर शिविर व चुनावी साक्षरता क्लब की बैठक में दी जानकारी



जसोल. स्कूल में शिविर में जानकारी देते हुए।

भास्कर न्यूज | जसोल

निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार नगरपालिका जसोल क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) की बैठक व क्लस्टर शिविर का आयोजन हुआ।

एस.एन. वोहरा राउमावि, पीएमश्री सुआ देवी भंसाली राबाउमावि तथा राउमावि अमरपुरा जसोल में यह गतिविधियां आयोजित की गईं। पीईईओ जेतमालसिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) ठाकराराम प्रजापत ने चुनावी साक्षरता क्लब के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाना चाहिए। साथ ही नाम व पते में सुधार, क्षेत्र परिवर्तन, मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई। क्लस्टर शिविर के दौरान युवा मतदाताओं से नए नाम जोड़ने के आवेदन भी प्राप्त किए गए। बैठक में बैठक में नगरपालिका जसोल के अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश डऊकिया, प्रधानाचार्य सरोज भाटी, इंद्रा दवे, बीएलओ श्रवण कुमार, देवेंद्र दवे, दुर्गसिंह परिहार, रमेश कुमार प्रजापत, हनुमंतसिंह इंदा, मुकेश कुमार, मंगलेश कुमार, दलपतसिंह, गौतमचंद, भट्टाराम गर्ग, शारीरिक शिक्षक प्रतापसिंह राव, व्याख्याता विष्णुदास, विजयसिंह, गिरधारीराम, राजेंद्र व्यास आदि मौजूद रहे।

# जागरूक मतदाताः जनतंत्र का प्रहरी' विषय पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नमस्कार नेशन**

**बालोतरा,** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'जागरूक मतदातारू जनतंत्र का प्रहरी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोग का उद्देश्य जनसामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल secsveep@gmail.com अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग द्वारा प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियाँ भेजने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बन सकें।

# नव मतदाता पंजीकरण को लेकर क्लस्टर शिविर आयोजित

**सिवाना** | कस्बे के वीर नारायण परमार महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय में नव मतदाता पंजीकरण को लेकर क्लस्टर शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एवं होने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में शामिल कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ रमेश कुमार जांगिड़ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नवीन मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने मताधिकार के महत्व को समझाते हुए लोकतंत्र में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं कन्या महाविद्यालय से मीठाराम, डॉ. पीयूष कुमार, सत्तार खां व रविंद्रसिंह भाटी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग किया। शिविर में 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मतदाता पंजीकरण से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आयोजन से युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना और जागरूकता बढ़ने का सकारात्मक संदेश मिला। इस अवसर पर वीर नारायण परमार महाविद्यालय से महेंद्रसिंह रावत, डॉ. हर्ष सांदू, भोमाराम, योगेश देवड़ा, आनंद दवे आदि मौजूद रहे।

# 'पहला वोट-पहली जिम्मेदारी' अभियान के तहत वोटर रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित



## नमस्कार नेशन

**मोकलसर।** कस्बे के मेरामचंद हुंडिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वोटर रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी पात्र मतदाता न छूटे की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कैम्प के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य केशाराम बारड एवं बूथ लेवल अधिकारी कुमार जितेन्द्र जीत ने उपस्थित बालिकाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं मतदान के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की वर्तमान एवं पूर्व छात्राओं, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, का मतदाता पंजीकरण किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली बालिकाओं को चिन्हित किया गया। नए युवा मतदाता बनने वाली बालिकाओं के फॉर्म संख्या-6 भरवाकर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया गया। कैम्प में विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

राजस्थान पत्रिका

# ओसियां में एसआइआर 2026 को लेकर क्लस्टर कैंप आयोजित

**ओसियां @ पत्रिका.** शहीद गोरख राम वीर चक्र राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओसियां एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय ओसियां में एसआइआर 2026 के अंतर्गत क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को एसआइआर की प्रक्रिया से अवगत कराना तथा मतदाता सूची में नामांकन को लेकर जागरूक करना रहा। कैंप में नोडल प्रभारी डॉ. अनिल कुमार परिहार सहित डॉ. अरुण कुमार जैन, डॉ. मोहम्मद शाहिद और डॉ. मंजू बिश्नोई ने विद्यार्थियों को एसआइआर की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। वक्ताओं ने एसआइआर 2026 के महत्व, चरणबद्ध प्रक्रिया और इसके




माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वोटर आईडी बनाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और समय-सीमा की जानकारी भी दी गई।

दैनिक नवज्योति

# मतदाता पंजीकरण के लिए सभी जिलों में आयोजित होंगे क्लस्टर कैम्प

**जोधपुर/ नवज्योति।** निर्वाचन विभाग राजस्थान, जयपुर की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवा एवं महिला मतदाताओं के साथ विशेष योग्यजन (PWDs), ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, डिनोटिफाइड ट्राइब्स, नोमैडिक एवं सेमी-नोमैडिक कम्युनिटीज सहित सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में क्लस्टर कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत जोधपुर जिले में भी क्लस्टर कैम्प कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यूथ कैम्प 23 दिसंबर , विशेष योग्यजन के लिए कैम्प 29 दिसंबर, पीवीटीजी एवं ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए 6 जनवरी तथा महिलाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के लिए कैम्प 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया, क्लस्टर कैम्पों को सफल बनाने के लिए स्कूल एवं कॉलेजों के ईएलसी नोडल अधिकारी, कैंपस एम्बेसडर, एनसीसी/एनएसएस वॉलंटियर्स, ब्लॉक स्तर के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी, ब्लॉक विकास अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका समूह, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम/नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ एवं सुपरवाइजर की टीमें गठित कर आवश्यक निर्देश जारी किए।

दैनिक नवज्योति

# ओडिशा के सीईओ ने राजस्थान में एसआईआर का किया अवलोकन

जयपुर। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत राजस्थान में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और तकनीकी सुधारों का अवलोकन करने के लिए ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान का दौरा किया। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एस. गोपालन ने राजस्थान में एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया।

**सुदृढ़ और पारदर्शी मतदाता सूची निर्माण के नवाचारों की सराहना**

उन्होंने राजस्थान में लागू एसआईआर प्रक्रिया को अत्यंत सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत, पूर्णतः पारदर्शी, तथा मतदाता-केंद्रित बताया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने बताया कि अब महाराष्ट्र की टीम मंगलवार से प्रदेश में एसआईआर कार्यों की जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष अध्ययन करेगी। टीम फील्ड निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने-हटाने की कार्रवाई, घर-घर सत्यापन तथा विशेष प्रविष्टियों और प्रावधानों के क्रियान्वयन का अवलोकन करेगी।

विश्वास एक्सप्रेस दैनिक प्रातः कालीन

# मतदाता पंजीकरण के लिए आयोजित होंगे क्लस्टर कैम्प

विश्वास एक्सप्रेस

जोधपुर। निर्वाचन विभाग राजस्थान, जयपुर द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवा एवं महिला मतदाताओं के साथ-साथ विशेष योग्यजन, ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, डिनोटिफाइड ट्राइब्स, नोमैडिक एवं सेमी-नोमैडिक कम्युनिटीज सहित सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में क्लस्टर कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में जोधपुर जिले में भी क्लस्टर कैम्प कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यूथ कैम्प 23 दिसंबर को, विशेष योग्यजन हेतु

कैम्प 29 दिसंबर को, पीवीटीजी एवं ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए 6 जनवरी को तथा महिलाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के लिए कैम्प 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लस्टर कैम्पों को सफल बनाने के लिए स्कूल एवं कॉलेजों के ईएलसी नोडल अधिकारी, कैंपस एम्बेसडर, एनसीसी, एनएसएस वॉलंटियर्स, ब्लॉक स्तर के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी, ब्लॉक विकास अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका समूह, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ एवं सुपरवाइजर की टीमें गठित कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# हुक्मनामा समाचार

**मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026**

## उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान में एसआईआर कार्यों का किया अवलोकन

**सुदृढ़ एवं पारदर्शी मतदाता सूची निर्माण के लिए राजस्थान के नवाचारों की सराहना**

### महाराष्ट्र सीईओ टीम भी 22-25 दिसंबर को करेंगी जमीनी स्तर पर विस्तृत अध्ययन

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत राजस्थान में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों एवं तकनीकी सुधारों का अवलोकन करने के लिए उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान का दौरा किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान नवीन महाजन ने बताया कि उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एस. गोपालन ने राजस्थान में एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया।

**राजस्थान के प्रयासों की सराहना - उत्कृष्ट मॉडल राज्य** महाजन ने बताया कि उड़ीसा सीईओ ने राजस्थान में लागू एसआईआर प्रक्रिया को अत्यंत सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत, पूर्णतः पारदर्शी, तथा मतदाता-केंद्रित बताया है। उन्होने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान द्वारा अपनाए गए तरीके और नवाचार अन्य राज्यों के लिए आदर्श मॉडल हैं।

**महाराष्ट्र सीईओ टीम करेगी जमीनी स्तर पर विस्तृत अध्ययन**- मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने बताया कि उड़ीसा के बाद अब महाराष्ट्र की टीम मंगलवार से प्रदेश में एसआईआर कार्यों की जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष अध्ययन करेगी। महाराष्ट्र की टीम फील्ड निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं हटाने की कार्रवाई, घर-घर सत्यापन, तथा विशेष प्रविष्टियों और प्रावधानों के क्रियान्वयन का अवलोकन करेगी। महाजन ने कहा कि अन्य राज्यों द्वारा किए गए इस मूल्यांकन और सकारात्मक प्रतिक्रिया से राजस्थान निर्वाचन विभाग को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं आधुनिक निर्वाचन प्रणाली के निर्माण हेतु प्रेरणा मिलती है।

# हुक्मनामा समाचार

## जागरूक मतदाताः जनतंत्र का प्रहरी

## विषय पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोग का उद्देश्य जनसामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल secsveep@gmail.com अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग द्वारा प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियाँ भेजने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बन सकें।

# मतदाता पंजीकरण के लिए आयोजित होंगे क्लस्टर कैम्प

**हुक्मनामा समाचार**

जोधपुर। निर्वाचन विभाग राजस्थान, जयपुर द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवा एवं महिला मतदाताओं के साथ-साथ विशेष योग्यजन, ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, डिनोटिफाइड ट्राइब्स, नोमैडिक एवं सेमी-नोमैडिक कम्युनिटीज सहित सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में क्लस्टर कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में जोधपुर जिले में भी क्लस्टर कैम्प कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यूथ कैम्प 23 दिसंबर को, विशेष योग्यजन हेतु कैम्प 29 दिसंबर को, पीवीटीजी एवं ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए 6 जनवरी को तथा महिलाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के लिए कैम्प 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लस्टर कैम्पों को सफल बनाने के लिए स्कूल एवं कॉलेजों के ईएलसी नोडल अधिकारी, कैंपस एम्बेसडर, एनसीसी, एनएसएस वॉलंटियर्स, ब्लॉक स्तर के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी, ब्लॉक विकास अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका समूह, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ एवं सुपरवाइजर की टीमें गठित कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

दैनिक भास्कर
दौसा भास्कर 23-12-2025

# मतदाता पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंप 15 तक चलेगा

दौसा| विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियों के लिए 15 जनवरी तक मतदाता व नव मतदाता पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दावे एवं आपत्तियों का चरण 16 दिसंबर से 15 जनवरी के मध्य निर्धारित है।

# जागरूक मतदाता: जनतंत्र का प्रहरी विषयक निबंध प्रतियोगिता के लिए प्रविष्ठियां आमंत्रित

**मरू मंच न्यूज**

**बाड़मेर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता–जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य जन सामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल `मबेअममच/हउंपसण्बवउ अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियाँ भेजने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बन सकें।

# जागरूक मतदाताः जनतंत्र का प्रहरी विषयक निबंध प्रतियोगिता के लिए प्रविष्ठियां आमंत्रित

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य जन सामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल `मबेअममच/हउंपसण्बवउ अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियाँ भेजने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बन सकें।

# निबंध प्रतियोगिता के लिए प्रविष्ठियां आमंत्रित

**नवज्योति /बाड़मेर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य जन सामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# मतदाता जनतंत्र का प्रहरी निबंध प्रतियोगिता की प्रविष्ठियां आमंत्रित

भास्कर न्यूज | बाड़मेर

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य जन सामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल secsveep@gmail.com अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियां भेजने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बन सकें।

# प्रतियोगिता : 31 दिसंबर तक भेज सकते हैं अपना निबंध

**बाड़मेर @ पत्रिका.** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता जनतंत्र का प्रहरी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना अनिवार्य है। निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध ई-मेल अथवा व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग की ओर से प्राप्त सभी प्रविष्टियों का मूल्यांकन चयन समिति करेगी तथा उत्कृष्ट निबंधों को पुरस्कृत किया जाएगा। निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियां भेजकर इस अभियान का हिस्सा बनें।

# मतदाता क्लस्टर कैम्प का शुभारंभ




**न्यूज सर्विस/नवज्योति, उनियारा।** राजकीय महाविद्यालय उनियारा में दो दिवसीय मतदाता क्लस्टर कैम्प का आयोजन किया। मतदाता क्लस्टर कैम्प में उनियारा तहसील के बी.एल.ओ राजेश शर्मा, हेमंत और निखिल शर्मा ने मतदाता क्लस्टर कैम्प कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को क्लस्टर कैम्प के उद्देश्य के बारे में बताते हुए एसआईआर एवं फॉर्म 6 की जानकारी विस्तार से दी। वहीं कैम्प में विधार्थियों ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के फार्म प्राप्त कर भरने की जानकारी बीएलओ से प्राप्त की। महाविद्यालय में दो दिवसीय मतदाता क्लस्टर कैम्प का भी कार्य प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय के डॉ भानु प्रकाश शर्मा, बुद्धि प्रकाश प्रजापत, अभिषेक शर्मा एवं कार्यवाहक प्राचार्य देवराज झाझडिया मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता अभियानः जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में क्लस्टर कैंप आयोजित. नव मतदाताओं ने उत्साह के साथ भरा फॉर्म - 06



**टोंक (खबरों की दुनिया)**। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानो में युवा मतदाता श्रेणी के लिए जागरूकता के लिए कैंप आयोजित किए गए कलस्टर स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ परशुराम धानका ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत दावे व आपत्तियां निस्तारित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों में नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना और उन्हें वीएचए (वोटर हेल्पलाइन ऐप) व फॉर्म नंबर 6 भरने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना था उन्होंने बताया कि सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय नगरफोर्ट एवं राजकीय महाविद्यालय उनियारा में कैंप आयोजित हुए। शिविरों में ईएलसी प्रभारियों ने छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्प लाईन डाउनलोड करवाकर ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया समझाई और पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। नव मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदाता बनने की प्रक्रिया को समझा।

# जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में क्लस्टर कैंप आयोजित

टोंक| भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में युवा मतदाता श्रेणी के लिए जागरूकता के लिए कैंप आयोजित किए गए कलस्टर स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ परशुराम धानका ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत दावे व आपत्तियां निस्तारित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों में नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना और उन्हें वीएचए (वोटर हेल्पलाइन ऐप) व फॉर्म नंबर 6 भरने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना था उन्होंने बताया कि सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय नगरफोर्ट एवं राज़कीय महाविद्यालय उनियारा में कैंप आयोजित हुए।

# मतदाता जागरूकता अभियान: जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में क्लस्टर कैंप आयोजित

### ➡ नव मतदाताओं ने उत्साह के साथ भरा फॉर्म नं. 06

टोंक (सच्चा सागर)। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानो में युवा मतदाता श्रेणी के लिए जागरूकता के लिए कैंप आयोजित किए गए कलस्टर स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ परशुराम धानका ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत दावे व आपत्तियां निस्तारित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों में नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना और उन्हें वीएचए (वोटर हेल्पलाइन ऐप) व फॉर्म नंबर 6 भरने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना था उन्होंने बताया कि सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय नगरफोर्ट एवं राजकीय महाविद्यालय उनियारा में कैंप आयोजित हुए। शिविरों में ईएलसी प्रभारियों ने छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्प लाईन डाउनलोड करवाकर ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया समझाई और पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। नव मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदाता बनने की प्रक्रिया को समझा।



दैनिक भास्कर
चित्तौड़गढ़ भास्कर 23-12-2025

# मतदाता क्लस्टर कैंप आयोजित



